हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY • LEAD TOMORROW

Undergraduate
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

Postgraduate
- MCA • M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science • PGDCA
- Master of Animation & VFX

Diploma
- Diploma in Computer Applications (DCA)

New-Age Specialisations
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi TECH ANIMATION

Powered by Industry Experts
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

7 Centres of Excellence (For Practical & Applied Learning)

TechnoViz Automation — for Industrial Internet of Things (IIoT)
Godawari eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
JustAuto — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
BDS Education — for Robotics, Coding, and Drones
Proud to say IamSMEofIndia — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
BOSCH — for Bridge Courses

Research & Advanced Infrastructure :
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

Startup Ecosystem :
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

Top Recruiters
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप

### श्रेया का नवोदय में चयन

दल्लीराजहरा। प्राथमिक शाला अरमूरकसा की होनहार छात्रा श्रेया कुलदीप ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जैसे ही चयन की खबर गांव और स्कूल तक पहुंची, पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया।



विद्यालय परिवार और शाला प्रबंधन समिति ने छात्रा का मुंह मीठा कराकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की। कुमारी श्रेया बचपन से ही मेधावी और अनुशासित छात्रा रही है। कक्षा पहली से ही उसकी पढ़ाई के प्रति लगन और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। उसकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में भी प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। अपनी सफलता का श्रेय श्रेया ने अपने माता-पिता के सहयोग, प्रधान पाठक छत्रपाल देशमुख के मार्गदर्शन और शिक्षकों विजय कुमार गौरे, कमलेश्वरी साहू, योगिता साहू तथा निर्मला सिन्हा के निरंतर प्रोत्साहन को दिया। उसने कहा कि शिक्षकों की प्रेरणा और परिवार का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत रहा। विद्यालय के प्रधान पाठक ने कहा कि श्रेया की सफलता पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणा है।

### ऊर्जा संकट और खाद समस्या से निपटने गोबर खरीदी करने की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर प्रदेश में संभावित ऊर्जा संकट और खाद



की कमी से निपटने के लिए गौठानों को पुनः सक्रिय करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि पिछले एक माह से मध्य एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत को तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके चलते देश में ऊर्जा संकट की स्थिति बन रही है और आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की किल्लत होने की आशंका है। देशमुख ने यह भी उल्लेख किया कि यूरिया खाद के निर्माण के लिए आवश्यक गैस, फास्फेट और पोटाश जैसे कच्चे पदार्थों की आपूर्ति भी मुख्यतः विदेशों से होती है, जिसमें बाधा आने की संभावना है। इससे किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ में गौठानों के माध्यम से गोबर खरीदी तत्काल प्रारंभ की जाए। गोबर से कंडे (उपले) बनाकर उज्ज्वला गैस उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों को रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

# गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि की पूर्णाहुति पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

## परिव्राजक आर्य जी के निर्देशन में सम्पन्न हुए वैदिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

चैत्र नवरात्रि और श्री राम नवमी के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में भक्ति, आस्था और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में "मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण" के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। पूरे वातावरण में वेद मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था ने आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नवरात्रि की पूर्णाहुति के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य और नगरवासी शामिल हुए। यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, समाज में सद्भावना और विश्व शांति की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ संचालन वीणा साहू और प्रतिभा के द्वारा किया गया, वहीं संगीत की मधुर प्रस्तुति सोहन साहू ने दी। संपूर्ण संस्कारों का संचालन परिव्राजक आर्य जी के निर्देशन में विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न वैदिक संस्कारों का आयोजन भी किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक विशेष बना दिया। अन्नप्राशन संस्कार के तहत गुणवंत साहू का संस्कार सम्पन्न हुआ। वहीं आरवी मंडावी एवं रामेश्वर साहू का मुंडन संस्कार विधिपूर्वक संपन्न कराया गया।



### विशाल प्रसादी भंडारे का किया गया आयोजन

जन्मदिवस संस्कार के अंतर्गत कुमारी आरोही सिंह का विशेष आयोजन हुआ, जबकि विद्या आरंभ संस्कार के तहत दिव्यांशी वर्मा को शिक्षा के प्रथम चरण में प्रवेश दिलाया गया। नवरात्रि समापन पर कन्या भोज का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बालिकाओं को मां भगवती का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया, उन्हें आलता, बिंदी और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। गायत्री परिवार के एक सदस्य ने बताया कि यज्ञ और संस्कार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने का माध्यम हैं। वहीं नगर के एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि "इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। अंत में विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन ने दल्लीराजहरा में आध्यात्मिक चेतना को नई ऊंचाई दी और यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## जागरूकता : सामूहिक प्रयासों से ही मिलेगी टीबी से मुक्ति : तोरण

# टीबी मुक्त संकल्पः नपा परिषद में जागरूकता कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद के मुख्य सभागार में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली एवं जागरूकता से भरपूर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा "टीबी मुक्त राजहरा" के लक्ष्य को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं मितानिनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि टीबी मुक्त नगर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और शहीद अस्पताल द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाने वाली नर्सिंग प्रशिक्षु बहनों और डॉक्टर वेद की टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर पालिका हर स्तर पर सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी वार्ड पार्षदों से अपील की कि सर्वे एवं जागरूकता अभियानों में पूरी सहभागिता सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ अश्वनी नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी जैसी बीमारी से लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब समाज संवेदनशीलता के साथ एकजुट होकर प्रयास करे। उन्होंने बताया कि कुपोषण, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, मधुमेह, धूम्रपान और नशे की आदत वाले लोग इस बीमारी के अधिक जोखिम में रहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मरीजों के साथ भेदभाव नहीं, बल्कि सहयोग और अपनापन जरूरी है। सही पोषण, समय पर इलाज और दवाइयों का नियमित सेवन ही टीबी से मुक्ति का एकमात्र रास्ता है।

शहीद अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जाना ने बताया कि अस्पताल द्वारा हर वर्ष जागरूकता सप्ताह के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाता है। इसमें नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य जांच और निशुल्क उपचार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल इलाज नहीं, बल्कि बीमारी को जड़ से समाप्त करना है।



### समाज को जागरूक और संवेदनशील बनाने की पहल

डौंडी ब्लॉक के प्रभारी निर्मलकर ने बताया कि ब्लॉक के 65 ग्राम पंचायतों में से 26 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं और शेष क्षेत्रों में तेजी से कार्य जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से जल्द ही पूरा क्षेत्र टीबी मुक्त होगा। कार्यक्रम में टीबी से स्वस्थ हो चुके मेसरी भंवरा और गंगाराम ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नियमित दवाई, डॉक्टर की सलाह और पोषण आहार के पालन से उन्होंने इस बीमारी पर विजय पाई। दोनों का सम्मान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया गया। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि जनजागरूकता ही इस बीमारी के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने "टीबी मुक्त राजहरा" बनाने की शपथ ली। संचालन स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। यह कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुई।

# प्लास्टिक बोतलों में शराब बिक्री के प्रस्ताव पर विरोध, स्वास्थ्य व पर्यावरण को लेकर गहराई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रदेश में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत शराब की बिक्री कांच की जगह प्लास्टिक (आरपीईटी) बोतलों में करने के प्रस्ताव ने दल्लीराजहरा में भी हलचल मचा दी है। स्थानीय व्यापारिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने इस निर्णय पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे स्वास्थ्य, पर्यावरण और रोजगार तीनों के लिए नुकसानदायक बताया है। शहर में इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और कई स्तरों पर विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

स्थानीय का कहना है कि प्लास्टिक बोतलों में लंबे समय तक शराब रखने से रासायनिक प्रतिक्रिया की आशंका रहती है, जिससे पेय की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। उनका तर्क है कि लीचिंग (रासायनिक तत्वों का घुलना) से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरे का बढ़ना शहर के पर्यावरण के लिए नई चुनौती खड़ी करेगा, जबकि कांच की बोतलें पूरी तरह से रिसाइकिल हो जाती हैं।

इस मुद्दे को लेकर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दल्लीराजहरा में ज्ञापन तैयार कर संबंधित



अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। उनका कहना है कि यदि यह व्यवस्था लागू होती है, तो कांच से जुड़े स्थानीय कारोबार, कबाड़ी, छोटे व्यापारी और परिवहन से जुड़े लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। शहर के कई परिवार सीधे या परोक्ष रूप से इस व्यवसाय पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों ने भी चिंता जताते हुए कहा है कि पहले से ही प्लास्टिक कचरे की समस्या से जूझ रहे दल्लीराजहरा में यह निर्णय हालात को और गंभीर बना सकता है। उनका सुझाव है कि किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले स्थानीय परिस्थितियों और पर्यावरणीय प्रभावों का विस्तृत अध्ययन किया जाना जरूरी है। जिला आबकारी अधिकारी कहते हैं कि शासन की नई नीति के तहत प्लास्टिक बोतलों में शराब बिक्री का प्रस्ताव प्रक्रिया में है।

## सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव-आर में वार्षिक परीक्षा प्रारंभ...



जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव–आर सहित प्रदेश के विद्यालयों में षष्ठ, सप्तम, नवम, एकादश की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। जिसमे कक्षा षष्ठ, सप्तम, नवम तथा एकादश के विद्यार्थी ने परीक्षा दिलाया। कक्षा षष्ठ प्रथम पेपर हिंदी, सप्तम अंग्रेजी, नवम हिंदी तथा एकादश का अंग्रेजी पेपर से परीक्षा की शुरुआत हुई, अन्य कक्षाओं की परीक्षा भी इसी क्रम में नियत समय पर संचालित करने समय सारिणी विधार्थियो में वितरित हो चुकी है।

# रामनवमी पर बाल संस्कार केंद्र में भजन कीर्तन, बच्चों ने दीप सजाकर की आरती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


रामनवमी महापर्व के उपलक्ष्य में बालोद नगर के मरारपारा स्थित मोखाला मांझी मंदिर प्रांगण में लगने वाले सीता राम बाल संस्कार केंद्र में केंद्र के बच्चों और मंदिर समिति की मानस मंडली मातृ शक्तियों ने मिलकर बच्चों के साथ भजन सकीर्तन किया। इस अवसर पर बच्चों ने उत्सवपूर्वक भाग लेते हुए अपने घरो से थाली में दीपक सजाकर लाये, सभी ने मिलकर भगवान राम जी की आरती कर मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्वलन किया। मंगल कामनाये की बाल संस्कार केंद्र की संचालिका विश्व हिन्दु परिषद जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन ने बच्चों को राम नवमी महापर्व का महत्व समझाया।

उन्होंने बच्चों को श्री राम जी के सत्य, धर्म, त्याग और करुणा के सर्वोच आदर्श के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की इस दौरान उन्होने बताया कि कैसे भगवान श्रीराम जी का जीवन हमें संघर्षो में भी धैर्य और नैतिकता के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है, इसी क्रम में पूजा जैन ने हिन्दु नववर्ष में नई पहल करते हुए सनातन धर्म संस्कृति की गरिमा को बढ़ाते हुए बालोद नगर के कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में कन्या भोज में सम्मिलित कन्याओं को भेंट स्वरूप भगवा ध्वजा और आरती की पुस्तक भेंट में देकर समाज में संदेश दिया, ऐसे कार्य को अपनाये सनातन धर्म मजबूत बनाये सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कलिन यादव, शशिकला शर्मा, चमेली दीदी, मंजू श्रीवास, सरोज श्रीवास सोंकाली पटेल, पार्वती दीदी अन्य मातृ शक्तियां सम्मिलित हुई।

## चैत्र नवरात्रि का महायज्ञ व कन्या भोज के साथ समापन

दल्लीराजहरा। धर्मनगरी दल्लीराजहरा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न दुर्गा मंदिरो ,शिव मंदिरों में भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर महायज्ञ, कन्या भोज एवं पूर्णाहुति का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख मंदिरों में विधि-विधान के साथ यज्ञ-हवन कर मां दुर्गा की आराधना की गई। अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति के दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया गया। इस दौरान महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन कर रहे विद्वान पंडितों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत



पवित्र पर्व है, जो शक्ति की उपासना का प्रतीक है। पंडितों के अनुसार यह पर्व नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष) की शुरुआत का भी सूचक माना जाता है।

पंडितों ने कहा कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। यज्ञ और हवन से वातावरण शुद्ध होता है तथा समाज में शांति और समृद्धि का संदेश जाता है। सनत पाठक पंडित ने कहा, नवरात्रि केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और साधना का पर्व है। इस दौरान किया गया जप, तप और दान विशेष फलदायी होता है। चैत्र नवरात्रि का संबंध देवी दुर्गा की उस विजय गाथा से है, जब उन्होंने राक्षस महिषासुर का वध कर धर्म की रक्षा की थी। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा यह समय ऋतु परिवर्तन का भी होता है, जब प्रकृति में नवचेतना का संचार होता है, इसलिए इसे नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व माना जाता है। पूरे आयोजन के दौरान मंदिरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा पाठ और जागरण का आयोजन किया गया, जिससे दल्लीराजहरा शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माता रानी के दर्शन किए और सुख-शांति की कामना की। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर दल्लीराजहरा की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की, जहां सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर इस पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।

## पेज 11 के शेष...

### श्री सिद्ध पीठ...

मनाया जाता है। इस अवसर पर जय मां विंध्यवासिनी बालिका मानस परिवार ग्राम बोरडा (धनेली) के संगीत मय रामकथा का आयोजन किया गया । जिसमें राम जन्मोत्सव के साथ रामायण के प्रमुख प्रसंगों की कथा बताई गई। इस रामकथा से सभी श्रद्धालुजन भाव विभोर हो गए। साथ ही श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी बड़गांव के सौजन्य से समस्त जनता जर्नादन के लिए भव्य भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

चैत्र नवरात्रि महोत्सव के गरिमामय सफलता पूर्वक संपन्न होने पर श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर बड़गांव के सदस्य सुरेश बढ़ई, डोमेंद्र राजपूत, युगल साहू, नेमसिंह साहू, बीएल पटेल ,बिसुन मराठे, इगनाथ पटेल, बीपी दुबे, डीआर साहू,अशोक टंडन, संत सहारे, वैभव साहू, योगेंद्र तिवारी, अशोक पटेल, रेखलाल ,भानु पटेल ,भोसले, प्रेमचंद सेन, गिरधर यदु, आशीष दुबे, लोमन सेन, मुकेश देशमुख, रतन भोंसले, सुरेश साहू, एवं सभी सदस्यों ने समस्त श्रद्धालु ,दानदाताओं , समस्त, समितियों मंडलियों, का आभार व्यक्त किया है।

कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को इसी प्रांगण में श्री हनुमान जी की जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कंटेनरों से पेट्रोल...

विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उनका मानना है कि इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और गलत तरीके से ईंधन की खरीद-बिक्री पर रोक लगेगी।

दूसरी ओर आम नागरिकों और वाहन चालकों ने भी प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे अनावश्यक भीड़ और कृत्रिम कमी की स्थिति पर नियंत्रण मिलेगा। छोटे किसानों और व्यवसायियों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही ईंधन की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उन्हें राहत मिलेगी। जानकारों का मानना है कि इस तरह के सख्त फैसलों से बाजार में संतुलन बना रहेगा और भविष्य में ईंधन की आपूर्ति को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम दल्लीराजहरा में व्यवस्था सुधार की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### बाइक की ठोकर...

आयी है, जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल गुरूर लाये थे, जहॉ से डॉक्टर द्वारा रिफर करने पर धमतरी ले गये जहां 03 दिन ईलाज करने के बाद अस्पताल से डिसचार्ज होने के बाद घर लेकर आये है।

### राम जन्मोत्सव पर...

नगरवासी जय श्री राम के नारे लगाते हुए नाचते गाते राम भक्ति मे झूमते दिखे। जहां शोभायात्र के दौरान विशाल झाकिया भी निकाली गई थी जिसमे भगवान श्रीराम जी, माता सीता जी, लक्ष्मण जी के साथ हनुमान जी की जीवंत झांकी देखने को मिली। इस दौरान शहर राम नाम से गूंज उठा तथा

जहां शाम को प्रारंभ हुई झांकि देर रात तक शहर के विभिन्न चौको से होकर गुजरती हुई राम मंदिर पहुंची, इस दौरान शहर के साथ आस पास के ग्रामीण अंचलो से बड़ी संख्या में युवा झांकिया देखने पहुंचे तथा भक्तीधुन में नाचते गाते दिखे। इस दौरान शहर के विभिन्न चौक चौराहो में लोगो के द्वारा शरबत, फल वितरण किया गया। राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष रविकांत देशमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जयंत साहू, चौलेश कुमार देशमुख, हरिश टुवानी, राकेश साहू, आकाश दीवान, रजनीश साहू, तुषार साहू उपस्थित थे।

### शादी समारोह में...

ग्राम धोबेदण्ड से आये अमित कोरेटी द्वारा एक मुटका पीठ को मार दिये, तब मैं उसे मारने से मना किया तो अमित कोरेटी द्वारा मेरे कालर को पकडकर शादी घर से बाहर निकाले और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, फिर मैं तथा मेरे साथ गई करिश्मा पोया, दुलेश्वरी दर्रो, फूलो बाई, फुलेसर बाई, सुशीला बाई सभी अपने घर झींकाटोला पैदल आने लगा और रात्रि 02.30 से 03 बजे के आसपास हितकसा के बेरियर के पास पहुंचे थे उसी समय पुनः अमित कुरेटी अपने साथी मुनेश उर्फ मोनु, दुष्यंत उर्फ सोनु तीनो दौडकर आये और मुझे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं चूडा से मारपीट किया है जिससे मेरे बाये गाल, सिर के पीछे, बाये भुजा के पास चोंट आया है। फिर हम घर वापस आ रहे थे तो उक्त तीनो लडको द्वारा पुनः हम लोगो को दौडाते आये और हितकसा व झींकाटोला के बीच शमशान घाट के पास पुनः मुझे मारपीट करने लगा। उस समय दुलेश्वरी दर्रो बीच बचाव कर छुडाने लगी तो छुडाने के दौरान बाये आंख के पास चोंट आया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि की पूर्णाहुति पर...





12 धनोरा में रामनवमी पर जोत जंवारा विसर्जित












## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** ग्राम जामगांव बी में एक युवक ने अपने घर के लोहे के एंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार ग्राम जामगांव बी निवासी भीषम ठाकुर 25 वर्ष अपने छोटे भाई व पिता के साथ रहता था, पिता के काम पर जाने व छोटे भाई के घर से बाहर जाने के बाद युवक ने दोपहर को घर में लगे लगे लोहे के एंगल में फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। जहां शाम को घर वापस लौटे छोटे भाई ने युवक को फांसी में लटके देख इसकी जानकारी ग्रामीणो को दी, जहां आस पास के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी से उताकर पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर शव शव का पीएम करने के बाद शव परिजनो को सौप दिया गया। युवक ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### दो बाइक की भिड़ंत में पिता-पुत्र घायल

**बालोद।** बाईक के माध्यम से शादी कार्ड बांट रहे पिता पुत्र सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिसमें पिता पुत्र दोनों को ही चोटे आई है, जिन्हे ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जेवरतला देवरी निवासी मुरलीधर साहू 49 वर्ष अपने बेटी की शादी का कार्ड बाईक के माध्यम से अपने पुत्र जीत साहू के साथ मिलकर बाट रहे थे, बालोद में शादी कार्ड बाटकर वे दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे इसी दौरान दल्लीराजहरा की ओर से आ रही मोटर सायकल सवार ने पिता पुत्र को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मोटर सायकल सवार पिता पुत्र दोनो घायल हो गए, वही सामने से आ रही मोटर सायकल जिसमें दो व्यक्ति सवार थे उन्हे भी चोंटे आई है। जिसके बाद पिता पुत्र को गंभीर चोट आने के कारण राहगिरो के द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। जहां उनका ईलाज जारी है। वही पुलिस द्वारा घटना कैसे घटित हुई इसकी जांच की जा रही है।

### बाइक की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** दोस्तो के साथ पैदल टहल रहे युवक को बाईक ने ठोकर मार दी। जिसके बाद पीड़ित युवक के दोस्त ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खर्रा निवासी डिलेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि रात्रि में मै अपने दोस्त पूरन लाल साहू के साथ पैदल टलहने निकला था, अपने गांव के कल्याण पटेल के बाडी के पास पहूंचा था, सामने दर्रा की ओर से आ रही मोटर सायकल सीजी 05 एक्यू 5468 के चालक ने अपने मोटर सायकल से पूरन लाल साहू को ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पूरन लाल साहू के दाहिना पैर में घुटना के नीचे, सिना, दाहिना कान के पास चोंटे शेष पेज 10 पर

**बैठक :** प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में, अफवाहों से बचें : मुख्यमंत्री साय

# मुख्यमंत्री ने ली वर्चुअल समीक्षा बैठक, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम एशियाई संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के संबंध में प्रदेश के सभी संभाग आयुक्तों, आईजी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों के अलावा जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर युद्ध के कारण उत्पन्न हालात की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत सरकार के बेहतर प्रबंधन के फलस्वरूप पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बावजूद पूरे देश के साथ हमारे प्रदेश में भी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। आम नागरिकों को घरेलु गैस, पेट्रोल एवं डीजल आदि की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी हमें स्थिति पर नजर रखते हुए टीम भावना एवं पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। साय ने कहा कि मौजूदा हालात में आम नागरिकों को घरेलु गैस, पेट्रोल एवं डीजल के साथ–साथ जरूरी चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा यथा स्थिति बनाए रखने हेतु मीडिया का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस संबंध में मीडिया को समय पर सूचना प्रदान करने हेतु जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने आशा व्यक्त किया कि कोरोना काल की भांति शासन–प्रशासन एवं समाज के सभी वर्गों के सहयोग से पश्चिम एशियाई संकट के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने हम सफल होंगे।

बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि पेट्रोलियम गैस मंत्रलय भारत सरकार के द्वारा 08 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर 2026 जारी किया गया। जिसके तहत घरेलु गैस उपलब्धता को सुनिश्चित करने शत प्रतिशत आपूर्ति घरेलु गैस क्षेत्र में दी गई है। इसके साथ ही कमर्शियल गैस सिलेण्डर उपभोक्ताओं के लिए राज्य की मांग का 20 प्रतिशत तक प्राथमिकता वाले क्षेत्र को शत प्रतिशत आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने घरेलु गैस सिलेण्डर उपभोक्ताओं का रिफलिंग भी बढ़ाने की जानकारी दी। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि पश्चिम एशियाई संकट के कारण उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने हेतु तथा इस दौरान उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों को समुचित मात्र में घरेलु गैस एवं पेट्रोल डीजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु खाद्य विभाग द्वारा खाद्य संचालक की अध्यक्षता में राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। विकासशील ने कहा कि 18002333663 नंबर पर आपातकाल राज्य सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है।

बैठक में मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को जिला स्तरीय समिति एवं कंट्रोल रूम की स्थापना, एलपीजी सिलेंडर, उर्वरक एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी एवं एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने एलपीजी, पीडीएस ईंधन गोदामों पर आकस्मिक निरीक्षण किए जाए एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं एलपीजी वितरण विनियमन आदेश के तहत त्वरित कार्रवाई करने को कहा है। श्री विकासशील ने भीड़ नियंत्रण, अफवाह प्रबंधन एवं संवेदनशील क्षेत्रें की नियमित निगरानी करने तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को संवेदनशील व्यक्तियों, गिरोहों पर कड़ी निगरानी और अतिक्रमण, गैरकानूनी गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा एलपीजी सिलेंडर, खाद–उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करने को कहा है।

### एलपीजी आपूर्ति को लेकर विशेष व्यवस्था



### मुख्य सचिव ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मुख्य सचिव ने डिस्ट्रीब्यूटर, डीलर के स्टॉक रजिस्टर की जाँच और डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। बैठक में ऊर्जा सुरक्षा एवं स्वच्छ ऊर्जा पहले के अंतर्गत अधिकारियों को सरकारी भवनों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों और पंचायत भवनों पर रूफटॉप सोलर की स्थापना के उपाय सुनिश्चित करने तथा किसानों को सौर पंप और सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा गोबर से कंप्रेस्ड बायो गैस यूनिट स्थापित करवाने हेतु ग्राम पंचायतों और डेयरी क्लस्टरों को जोड़ने एवं गोबर, कचरा संग्रह, परिवहन और प्रसंस्करण हेतु स्थानीय मॉडल विकसित करने के उपाय करने को कहा गया। इसके साथ ही जिले एवं राज्य में पाइप्ड नेचुरल गैस नेटवर्क को आगे बढ़ाने की व्यावहारिक संभावनाओं, भौगोलिक उपयुक्तता, मांग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, और लाभप्रदता का विस्तृत अध्ययन एवं मूल्यांकन करने तथा गतिविधियों में इलेट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के संबंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## श्री सिद्ध पीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बड़गांव के ज्योति कलशों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम बड़गांव में चैत्र नवरात्रि पर्व में मनोकामना की कुल 176 ज्योति कलश की स्थापना हुई थी। महा नवमी के दिन देवी सिद्धिदात्री की पूजा और नौ कन्या पूजन के बाद कलश विसर्जन किया गया। ज्ञात हो कि इस प्रांगण में कई देवी देवताओं के मन्दिरों के साथ श्री रामदरबार का भव्य मंदिर स्थापित है, अतः यहां प्रतिवर्ष रामनवमी का पर्व बड़े की धूम धाम से मनाया जाता है। राम जी की जयंती, जिसे रामनवमी के रूप में जाना जाता है, हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार, भगवान राम के जन्मदिवस के रूप में शेष पेज 12 पर



## कंटेनरों से पेट्रोल-डीजल बिक्री पर रोक, प्रशासन ने आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद की तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ कालाबाजारी रोकने के लिए उठाया गया कदम

शहर सहित पूरे जिले में पेट्रोल-डीजल की अनियमित बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कंटेनरों के माध्यम से ईंधन की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को राहत देना, कालाबाजारी पर अंकुश लगाना और आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाना है। प्रशासन की इस पहल को आम जनता के हित में एक मजबूत और जरूरी कदम माना जा रहा है। प्रशासन से जारी निर्देशों के बाद सभी पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए केवल अधिकृत माध्यमों से ही ईंधन की बिक्री करें। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जांच टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो लगातार निगरानी रखते हुए अवैध बिक्री पर नजर बनाए हुए हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारी तुलसी ठाकुर का कहना है कि कंटेनरों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की गई है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या कृत्रिम संकट की स्थिति न बने। विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है और जहां भी शिकायत मिलेगी, तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वहीं पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जा रहा है और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका शेष पेज 10 पर



पेट्रोल पंप संचालकों को दिए गए सख्त निर्देश

**जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा नगर, भगवा ध्वज के साथ झूमे राम भक्त**

# राम जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में शुक्रवार राम जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी के साथ ग्रामीण अंचलो के लोग सम्मिलित हुई। राम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में सुबह से ही मंदिर देवालयो में पूजा का दौर चलता रहा जहां देर शाम होते होते श्री राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा विशाल शोभायात्र व झांकी निकाली गई। जिसमे शोभायात्र को विशेष बनाने के लिए गाजे बाजे के साथ रामभक्ती के धुन पर नगर के बस स्टैण्ड से झांकिया निकली गई जो नहर के विभिन्न चौक चौराहो से होकर गुजरते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान हाथो में भगवाध्वज लिए शेष पेज 10 पर

### आकर्षण का केंद्र बनीं जीवंत झांकियां

## शादी समारोह में मारपीट तीन युवकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शादी के मायन के दौरान पीठ को मारने से मना करने पर नाराज तीन युवको ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम झींकाटोला निवासी टिकेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि ग्राम हितकसा मे चंदू के लडका के शादी कार्यक्रम में शामिल हुआ था, रात्रि मे तेल मायन का कार्यक्रम हो रहा था, जहां शेष पेज 10 पर

### युवक ने किया जहर सेवन

**बालोद।** नगर के रेल्वे कॉलोनी में एक युवक ने जहर सेवन कर लिया। जिसकी जानकारी होने पर युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका ईलाज जारी है एवं स्थिति सामान्य बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के रेल्वे कॉलोनी निवासी चुरामन साहू ने अज्ञात कारणो से जहर सेवन कर लिया जिसकी जानकारी जब परिजनो को हुई तो उन्होने तत्काल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां युवक का ईलाज जारी है। वही युवक द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# एचएसआरपी को लेकर सुस्ती, जागरूकता और कार्रवाई से आएगा बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेशभर में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को लेकर चल रहे अभियान के बीच दल्लीराजहरा शहर में अपेक्षित गति नहीं दिख रही है। शहर की सड़कों पर अब भी बड़ी संख्या में पुराने वाहनों में एचएसआरपी नहीं लग पाई है, जिससे ई-चालान व्यवस्था का प्रभाव सीमित नजर आ रहा है। परिवहन विभाग के निर्देशों के बावजूद वाहन मालिकों की उदासीनता इस प्रक्रिया में बड़ी बाधा बन रही है।

■ स्थानीय स्तर पर शिविर लगाने की मांग

यातायात विभाग अधिकारी प्रकाश रावटे का कहना है कि एचएसआरपी सिर्फ नियम नहीं, बल्कि सुरक्षा और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि एचएसआरपी से वाहन की पहचान आसान होती है और चोरी, अपराध तथा फर्जी नंबर प्लेट जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। श्री रावटे ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और ई-चालान की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा।

दल्लीराजहरा शहर के कई वाहन चालकों का कहना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया और स्लॉट बुकिंग की जटिलता के कारण वे अब तक एचएसआरपी नहीं लगवा पाए हैं। वहीं कुछ लोगों ने प्लेट की उपलब्धता और समय पर फिटमेंट न होने की समस्या भी बताई। स्थानीय वाहन मालिकों ने मांग की है कि दल्लीराजहरा में विशेष शिविर लगाकर प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाए, ताकि सभी लोग आसानी से नियमों का पालन कर सकें।

## सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए जरूरी एचएसआरपी

### अभियान के जरिए लोगों को किए जाएगा जनजागरूक




परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार जल्द ही दल्लीराजहरा में विशेष अभियान चलाकर एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। साथ ही जनजागरूकता अभियान के जरिए लोगों को इसके फायदे और अनिवार्यता के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले महीनों में शहर के अधिकतम वाहनों में एचएसआरपी सुनिश्चित कर दी जाए। दल्लीराजहरा में एचएसआरपी को लेकर अभी चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन प्रशासन की सक्रियता और नागरिकों के सहयोग से यह अभियान जल्द ही रफ्तार पकड़ सकता है। यदि समय रहते सभी वाहन मालिक आगे आते हैं, तो शहर में सुरक्षित, व्यवस्थित और आधुनिक यातायात व्यवस्था की दिशा में यह एक मजबूत कदम साबित होगा।




### एचएसआरपी जरूरी

ऑटो चालक संघ और दोपहिया वाहन चालकों ने भी इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एचएसआरपी जरूरी है, लेकिन इसके लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। उनका मानना है कि यदि नगर में ही स्थायी फिटमेंट सेंटर या कैंप लगाए जाएं तो लोगों की भागीदारी तेजी से बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती समारोह आमटी में आज

**अंडा।** परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती समारोह आज आमटी में कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, विशेष अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, रमशीला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री ,आध्यक्षता दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी सरपंच ग्राम आमटी विशेष अतिधि नंदलाल साहू जिला अध्यक्ष दुर्ग साहू समाज पुराऊ राम साहू तहसील अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज दुर्ग रमेश साहू पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष साहू समाज रामकिसुन साहू कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश साहू समाज, सुनील साहू अधीक्षक कर्मा छात्रावास, लीलावती रूपेश देशमुख जनपद सदस्य निकुम दामिनी साहू जनपद सदस्य भोथली, सुरेश साहू अध्यक्ष महा विघालय निकुम नंद कुमार साहू सरपंच ग्राम रुदा तुलाराम साहू उपसरपंच आमटी गुंजा चौधरी पंच आमटी ग्रामीण साहू समाज आमटी अध्यक्ष चैलेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष सोमेश साहू सचिव पालेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल चौधरी महिला उपाध्यक्ष रोहणी साहू, सलाहकार भीरेन्द्र चौधरी महिला संगठन उर्वशी साहू आयोजक घनश्याम साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पुरूषोत्तम चौधरी जिला कार्य. सदस्य एवं सलाहकार साहू समाज एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सरपंच आमटी दुर्गा पुरूषोत्तम ने दी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**बालोद।** ट्रक ने कार को ठोकर मार दी। जिसके बाद कार चालक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोरीयाखुर्द वार्ड क्रमांक 54 थाना टिकरापारा रायपुर निवासी हेमराज साहू ने पुलिस को बताया कि सुबह मैं अपनी कार सीजी 04 पीएफ 9924 से अपने साथी जागेश्वर साहू के साथ रायपुर से कांकेर जाने के लिये निकले थे, एनएच 30 मार्ग में ग्राम मरकाटोला घाटी के पास पहले से मरकाटोला घाटी में पलटी ट्रक एमपी 05 जी 7955 के पास पहुंचे थे कि उसी समय पीछे से आ रही ट्रक सीजी 04 एमएम 8627 के चालक सोहतरा थाना बालोद निवासी लुकेश्वर साहू पिता झुमरलाल साहू 26 वर्ष के द्वारा अपने वाहन को तेज गति लापरवाहीपूर्वक व खतरनाक ढंग से चलाते हुये मेरे कार सीजी 04 पीएफ 9924 को पीछे से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मेरा ईनोवा क्रस्टिा कार रोड़ किनारे पलट गया एवं कार का पीछे का भाग व दाहीने भाग क्षतिग्रस्त हो गया।

## समस्या : महंगे दाम और सीमित आपूर्ति से बढ़ी परेशानी

# दल्लीराजहरा में गैस संकट : महंगाई की मार, होटल-ढाबों पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर में घरेलू और कॉमर्शियल गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों ने आम जनजीवन के साथ-साथ होटल और ढाबा व्यवसाय को गहरे संकट में डाल दिया है। पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति और ऊंची दरों के कारण दल्लीराजहरा शहर के छोटे-बड़े होटल संचालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई जगहों पर चूल्हे ठंडे पड़ने की नौबत आ गई है।

दल्लीराजहरा स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पहले कॉमर्शियल सिलेंडर 3500 से 4000 रुपये में आसानी से उपलब्ध हो जाता था, लेकिन अब या तो सिलेंडर मिल नहीं रहा है या फिर महंगे दामों पर भी सीमित मात्रा में मिल पा रहा है। इसके चलते होटल संचालक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में लकड़ी, कोयला और डीजल का सहारा लेने को मजबूर हैं, जिससे लागत और अधिक बढ़ गई है।

शहर के कई होटल व्यवसायियों ने बताया कि गैस संकट के कारण मेन्यू से कई व्यंजन हटाने पड़े हैं। समोसा, चाय, सब्जी और अन्य तले-भुने खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी करनी पड़ी है। ग्राहकों की संख्या भी प्रभावित हो रही है, जिससे रोजमर्रा की आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है। कुछ छोटे होटल और ठेले अस्थायी रूप से बंद भी हो गए हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारी तुलसी ठाकुर ने स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गैस की आपूर्ति में आई बाधा को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वितरण एजेंसियों को नियमित सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से धैर्य बनाए रखने और अनावश्यक जमाखोरी से बचने की अपील की है।

इधर, आम नागरिकों का कहना है कि गैस संकट का सीधा असर रसोई पर पड़ रहा है। कई घरों में सिलेंडर खत्म होने के बाद लोगों को अतिरिक्त खर्च कर वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि गैस नहीं मिलने से दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और महंगाई ने घरेलू बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गैस की नियमित आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो शहर में खाद्य व्यवसाय पूरी तरह ठप हो सकता है और बेरोजगारी की स्थिति भी पैदा हो सकती है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा हालात को सुधारने के लिए प्रयास जारी हैं, लेकिन शहरवासियों की नजर अब इस बात पर टिकी है कि कब तक गैस संकट से राहत मिलती है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आपूर्ति सुचारु होगी और दल्लीराजहरा में जनजीवन फिर से पटरी पर लौटेगा।

### होटल-ढाबों में मेन्यू से हटाए गए कई व्यंजन




### पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति, हेल्पलाइन नंबर जारी

**बालोद।** वर्तमान में चल रहे पश्चिम एशियाई संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के फलस्वरूप प्रदेश के नागरिकों को घरेलु गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने में सहयोग हेतु खाद्य विभाग संचालक की अध्यक्षता में राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित की गई है। राज्य शासन द्वारा 18002333663 नंबर पर प्रदेश के आम नागरिकों को घरेलु गैस, पेट्रोल डीजल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में मदद हेतु आपातकाल राज्य सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है।

# ओबीसी महासभा का पोस्टकार्ड अभियान, जनगणना में ओबीसी को शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा द्वारा राष्ट्रीय जनगणना एवं यूजीसी के समर्थन में पोस्टकार्ड लेखन अभियान चलाया जा रहा है।

ओबीसी महासभा द्वारा राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी को भी शामिल किए जाने बाबत ज्ञापन विगत कई वर्षों से प्रतिमाह दिया जा रहा है। लेकिन गृह मंत्रलय भारत के महा रजिस्टार कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं राष्ट्रीय जनगणना 2027 के 34 कालम के निर्धारित प्रपत्र के कालम नंबर 13 में विगत जनगणना की भांति इस बार भी ओबीसी समाज के लिए पृथक से कोड नंबर निर्धारित नहीं किया गया है। जिसके कारण ओबीसी की जनगणना इस बार भी नहीं हो पाएगी।



ओबीसी महासभा ने बताया कि जनगणना का मकसद भारतीय समाज की विविधताओं से जुड़े तथ्यों को सामने लाना है। ताकि देश को समझने का रास्ता खुल सके। इन आंकड़ों का इस्तेमाल नीति निर्माता से लेकर समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री, जनसंख्याविद और आंकड़ाविज्ञानी करते हैं। राष्ट्रीय जनगणना में समस्त जातियां के आंकड़े जुटाए जाएं तभी जनगणना का उद्देश्य पूरा होता है।

ओबीसी महासभा द्वारा छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण प्रदेशव्यापी पोस्टकार्ड लेखन अभियान चलाने से पहले कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति प्रधानमंत्री गृहमंत्री अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रलय तथा पंजीयक जनरल एवं जनगणना आयुक्त गृह मंत्रलय भारत सरकार नई दिल्ली के नाम प्रथम चरण में ज्ञापन प्रदेश भर में सौंपा गया था। पोस्टकार्ड लेखन अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय जनगणना 2027 के जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए भी पृथक से कोड नंबर निर्धारित किया जाकर सभी वर्गों का पृथक पृथक आंकड़े एकत्र कर अधिकृत रूप से आंकड़े प्रकाशन उपरांत ओबीसी समुदाय को आबादी के बराबर हिस्सेदारी आरक्षण प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही 13 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित विनियम 2026 के प्रावधानों को यथावत लागू किए जाने का समर्थन किया जा रहा है।

ओबीसी महासभा ने बताया कि यूजीसी विनियम 2026 उच्च शिक्षण संस्थानों में सामान्य को बढ़ावा देने वाले एवं समावेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि इस विनियम की बहुत महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थानों में समान अवसर केंद्र की स्थापना अनिवार्य की गई है।

# महावीर जयंती पर जैन समाज का भव्य आयोजन, 30 को होगा विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

शहर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जैन समाज द्वारा 30 मार्च 2026, सोमवार को जैन दादाबाड़ी प्रांगण में एक भव्य सार्वजनिक कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर जैन समाज के लोगों में खासा उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।



कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः से ही धार्मिक वातावरण निर्मित किया जाएगा, वहीं दोपहर 11:45 बजे से 3 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों द्वारा सभी साधार्मिक सदस्यों एवं नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं तथा व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य क्रांति जैन ने बताया कि महावीर जयंती केवल एक पर्व नहीं बल्कि अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि "इस तरह के सार्वजनिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है।" वहीं युवा समाज सेवी अमित जैन ने बताया कि इस बार आयोजन को और अधिक व्यवस्थित एवं व्यापक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं, ताकि हर आगंतुक को बेहतर सुविधा मिल सके।

महिला मंडल की सदस्य श्रीमती जैन ने भी कार्यक्रम को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि "भंडारे में सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम सभी मिलकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं।" उन्होंने सभी महिलाओं से भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि महावीर जयंती भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, जो अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और सदाचार का संदेश देती है। इस अवसर पर दल्लीराजहरा में आयोजित यह भव्य कार्यक्रम निश्चित रूप से सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा।

### आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका

# 'केरला स्टोरी 2' का निःशुल्क विशेष शो 400 से अधिक छात्राओं ने देखी फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बालोद के पांची सिनेमा में 28 मार्च शनिवार को केरला स्टोरी 2 का विशेष शो प्रदर्शित किया गया। यह शो विशेष इसलिए रहा क्योंकि यह केवल छात्रओं के लिए निःशुल्क दिखाया गया। जिसमें लगभग 400 छात्रएं शामिल हुई। इस आयोजन में विशेष रूप से निशा योगी, कमल पनपालिया, विनोद जैन, धर्म जागरण मंच संयोजक राज सोनी, प्राची लालवानी, दिनेश तापड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता विनय नामदेव, विवेक पाटीदार, धर्मेंद आहूजा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

फिल्म की शुरुआत के पूर्व आयोजन समिति के सदस्य धीरज शर्मा द्वारा इस शो के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए, सभी छात्रओं को लव जिहाद की मानसिकता को समझाया तथा लव जिहाद का राष्ट्र व धर्म पर क्या दुष्परिणाम होंगे यह समझाया। इन सभी आयोजकों की अच्छी सोच को देखते हुए शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारी बंधुओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की। फिल्म समापन के पश्चात जिला मंत्री निशा योगी ने सभी छात्रओं को सामाजिक जागरूकता व धर्मनिष्ठा की शपथ दिलाई। उसके पश्चात अंत में कमल पनपालिया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस शो में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद सदस्य ममता साहू, बलराम गुप्ता, संदीप लोढ़ा, आशा पटेल, प्रीति देशमुख, सुनिता, मनहर प्रीति साहू, प्रदीप साहू सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



इस शो का मुख्य उद्देश्य देश की मातृशक्ति को जागरूक करना। तथा लव जिहाद की सच्चाई से उनको अवगत करना था। तथा अपने माता पिता, परिवार के साथ धर्म निष्ठता का पालन करना। आयोजकों की उम्मीदों अनुरूप इस शो में मातृशक्ति की जागरूकता व उत्साह बहुत ही सराहनीय रहा। इस आयोजन में शासकीय कॉलेज बालोद, अरिहंत स्कूल, महावीर स्कूल, गुरुकुल स्कूल, सरस्वती शिशु, किंडर गार्डन स्कूल, शासकीय आईटीआई लोहारा, कन्नेवाडा स्कूल सहित जिले भर की अन्य छात्रओं ने भी भाग लिया। इस फिल्म को देखने के पश्चात सभी दर्शक लव जिहाद की सच्चाई जानकर भावुक हो उठे तथा शो के अंत में सभी ने धर्म के प्रति निष्ठा रखते हुए लव जिहाद को नष्ट करने की प्रतिज्ञा ली।

### चोरी करने वाले दो युवक पकड़े गए

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि श्याम नगर तेलगू मोहल्ला कैम्प 1 निवासी यू. येल्लमा के मकान में 8 फरवरी मकान में ताला जड़कर विशाखापटनम गई थी। वापस आने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। घटना की शिकायत पुलिस से की थी। जांच में पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया। पुलिस ने शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी विवेक मिश्रा, सुंदर नगर कैम्प 1 एस. जगन और अपचार बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।




### शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं हुईं शामिल

# धनोरा में रामनवमी पर जोत जंवारा विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 26 ता गुरुवार को शाम 4 बजे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी पंडित विनय दुवेदि द्वारा हवन कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने हवन कुंड में हवन डाल कर अपने घर परिवार की मंगल कामना की प्रार्थना किया शुक्रवार शाम 4 बजे दरबार से जोत जवारा विसर्जन गलती भ्रमण के लिए रवाना हुआ जोकि बजरंग पारा बजार चौक मेन गली शितला पारा होते हुए सीधे शितला तलाब पहुंचे। जहां पर दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा राजू यादव द्वारा खप्पर एवं जोत जवारा के पुजा पाठ करके फिर जोत जवारा विसर्जन किया गया। मंडली द्वारा माता सेवा भजन गाते हुए चल रहे थे। साथ ही काला लाल सादा बैरंग माताए सिर पर ज्योति कलश उठाए एक ही कलर का साड़ी पहने हुए एवं हाथो में केशरईया झंडा लेकर माता रानी की जयकारे लगाते हुए साथ साथ चलरहे थे। दरबार के जोत जवारा विसर्जन देखने पुरे गांव उमड़ पड़े थे अष्टमी हवन के बाद खीर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि हर साल चैत्र एवं कुंवार नवरात्रि में यहां पर जोत जंवारा भक्तों द्वारा जलाए जाते हैं। विसर्जन देखने दुर दुर से हर साल भक्त गण बड़ी संख्या में आते हैं पुरे नौ दिन तक भक्ती में डुमे हुवे थे एवं अपनी सेवाएं दे रहे थे। दरबार के विनोद कुमार साहू, नंद पंडा राजू ,यादव मनसुखा साहू ,मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू , जीवराखन ठेकेदार, बाबू लाल साहू, डोरे लाल साहू दास, भोलेनाथ योगेश साहू, एम लाल देवांगन मारियल साहू, वासुदेव स्त्रे, पुर्व उपसरपंच, कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील पेटर दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू भोलू खिलेशवर साहू सुंदर सपरे चन्द्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू तोमन गजपाल उमेश साहू इतवारी पटेल हितेंद्र कुमार कुणाल साहू , बबिता साहू ललिता, यादव सुनीता साहू , कौशिलया सेन ,रुखमणि साहू ,पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे उपसरपंच टिकेशवरी साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल नीरा साहू मुंगा सपरे, गीता देवांगन, मंजू साहू, पुष्पा देवांगन, दुर्गा साहू , वेदू साहू, सुरुचि छोटी, डिंपल साहू, पुजा साहू,नेहा साहू, विणनि साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में पुरे नौ दिन तक अपने सेवा दे रहे थे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।



